ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -६

हिन्दी (LOWER)

पाठ -2

बगुला भगत

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) प्र. बगुला तालाब के किनारे किसका वेश बनाकर बैठा था और वह क्या सोच रहा था?

उत्तर- बगुला तालाब के किनारे साधु का वेश बनाकर बैठा था। तालाब के किनारे बैठा बगुला तालाब की मछलियों से अपना पेट भरने का उपाय सोच रहा था।

ख) प्र. मृत्यु के मुख से बचने केलिए बगुला ने मछलियों को क्या उपाय बताया?

उत्तर- बगुले ने मछलियों को मृत्यु के मुख से बचने का यह उपाय बताया कि वह एक- एक करके सभी मछलियों को अपनी चोंच में पकड़कर दूर एक बड़े तालाब में छोड़ आएगा।

ग) प्र. बगुला मछलियों को क्या करता था?

उत्तर- बगुला तालाब में से एक मछली ले जाता और दूर जंगल में एक बड़े तालाब के किनारे बड़ी चट्टान पर बैठ उसे मारकर खा जाता।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

घ) केकड़ा बगुले की धूर्तता से कैसे परिचित हुआ? उसने अपनी जान कैसे बचाई?

उत्तर- केकड़ा चालाक था। उसे बगुले पर विश्वास नहीं था, इसलिए उसने शर्त रखी कि वह बगुले की गरदन पर बैठकर चलेगा।जब केकड़ा चट्टान के पास पहुंचा, तो हड्डियों के ढेर को देखकर सब कुछ समझ गया। उसने बगुले की गरदन में डंक गड़ाए और उसे तालाब तक चलने पर मजबूर कर दिया। तालाब के किनारे पहुंच उसने बगुले की गरदन दबाकर उसे खत्म कर दिया।इस प्रकार अपनी सूझ-बूझ से केकड़े ने अपनी जान बचाई।

# ३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए-

क) प्र. प्रस्तुत कहानी हमें क्या संदेश देती है? अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए।

उत्तर-

प्रस्तुत कहानी हमें संदेश देती है कि कभी किसी का बुरा नहीं करना चाहिए । बुराई का अंत बुरा होता है। धूर्त और दुष्ट व्यक्ति का अंत बुरा होता है। बुद्धि बल से ही दुष्ट की समाप्ति की जाती है। बिना सोचे - विचार किसी की बात पर विश्वास नहीं करना चाहिए। विवेक का सहारा लेकर अच्छे-बुरे की पहचान करनी चाहिए। बगुला मछलियों को नए तालाब का लालच देकर अपना शिकार बना लेता है। सभी मछलियाँ उसकी बातों में आकर अपनी जान गँवा देती है। अंत में बगुला केकड़े को भी अपना शिकार बनाना चाहता है परंतु केकड़ा अपनी सूझ-बूझ के कारण न केवल बच जाता है वरन् धूर्त बगुले को भी मार देता है।

ख) प्र. किसी को धोखा देना अच्छा होता है या नहीं? तीन चार वाक्य में उत्तर लिखिए।

उत्तर- किसी को धोखा देना अच्छी बात नहीं है। धोखा देने वाला कुछ समय के लिए तो सफल हो जाता है परंतु उसकी असलियत एक -न- एक दिन सबको पता चल ही जाती है। धोखा देने वाले का अंत बहुत बुरा होता है।

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP